## एक नजर में

### देवलीमान की छात्राओं ने लहराया परचम



**छापीहेड़ा 31 अक्टूबर, सं.** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत संकुल स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन पी एम श्री स्कूल संडावता में किया गया. जिसमें शासकीय हाई स्कूल देवलीमान खालसा की छात्राओं द्वारा कन्या संडावता और पीएम श्री संडावता की छात्राओं को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें देवलीमान के शिक्षक दिनेश कुमार नागर और टीना पाटीदार के मार्गदर्शन में छात्रा काजल तंवर की कप्तानी में प्रतिज्ञा सोनगरा रानी यादव बिंदु उमठ कौशल्या दांगी दिव्या यादव दिव्या पंवार वंदना बैरागी संध्या दांगी ऋषिका यादव चंचल उमठ मंजू उमठ अमीषा यादव द्वारा भाग लिया गया. पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य महोदय डॉ महेश वर्मा द्वारा विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया गया.

### मुक्तिधाम विकास समिति की बैठक सम्पन्न

**सारंगपुर 31 अक्टूबर, सं.** बुधवार को साईं मंदिर परिसर में सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति की अध्यक्षता में मुक्तिधाम विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने की. बैठक में मुक्तिधाम के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से अनिल बारकिया को समिति का नवीन अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा के कार्यकाल की सराहना की गई तथा हिन्दू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल, पर्यावरण प्रेमी संगठन,संस्था भारत सहित नगर के समाजसेवियों द्वारा उनका शाल-श्रीफल से स्वागत सम्मान किया गया. बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मुक्तिधाम क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए समिति निरंतर कार्यरत है. वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल बारकिया ने विश्वास दिलाया कि वे समिति के सहयोग से मुक्तिधाम को आदर्श स्वरूप देने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे. बैठक का संचालन सुशील व्यास ने किया तथा आभार समिति सचिव वैभव पुष्पद ने माना. इस दौरान संजय विजयवर्गीय, सतीश गिरजे, मोहन सोलंकी, निकेश पुष्पद, रूपेश जोशी, अनिल जैन, संतोष प्रजापति, लक्ष्मीनारायण त्रिकार, विष्णु प्रसाद जोशी,नंदकिशोर सोनी, नारायण टेटवाल,रामबाबू नारोलिया सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे. उक्त जानकारी हिन्दू उत्सव समिति मीडिया प्रभारी नवीन रुण्डवाल ने दी.

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**पडाना 31 अक्टूबर, सं.** नगर के गांधी चौक टेंपो स्टैंड पर स्थित शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय पडाना में सतर्कता जागरूक कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया. जिसमें मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पडाना ब्रांच मैनेजर नीरज जाटव द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्रों को सतर्कता जागरूकता पर समझाइए दी एवं उपहार दिए गए. इस मौके पर संस्था प्रभारी शंकर लाल भिलाला, रामकरण राठौर, राजाराम भारती, सोहेल अंसारी, अनीता सक्सेना, राधेश्याम शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे.

# रियासतों को एक भारत का रूप दिया पटेल ने

## रन फॉर यूनिटी : स्कूली बच्चों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लगाई मैराथन दौड़

**सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया**

**सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मानव श्रृंखला बनाई**











नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 31 अक्टूबर, का. लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में मानव श्रृंखला बनाकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया. सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ बनाए रखने का संकल्प लिया गया.**

लौह पुरुष के नाम से विख्यात, स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन से हुई. इसकी शुरुआत स्टेडियम से हुई जो बाजार से होते हुए मंगल भवन पहुंची जहां समापन हुआ. मैराथन में महाविद्यालय के विद्यार्थी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया.

**राष्ट्रीय एकता की शपथ ली-** महाविद्यालय में आयोजित शपथ समारोह संस्था प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे के मार्गदर्शन में हुआ. वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मंगलेश सौलंकी द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई. सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ बनाए रखने का संकल्प लिया. कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा द्वारा किया गया. कार्यक्रम में प्रकाश अहिरवार, डॉ. अखिलेश कुमार राय, डॉ. रजनी खरे, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. आभा आनंद, संतोष खरे सहित प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे.

### एकता की शपथ लेकर दौड़ लगाई

**खिलचीपुर 31 अक्टूबर, सं.** सरदार पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी के तहत नगर के स्टेडियम मैदान से विधायक हजारीलाल दांगी एवं एसडीएम अंकिता जैन ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन शुरू की. जिसमें सैकड़ों बालक बालिकाओं ने दौड़ में हिस्सा लेते हुए तहसील चौराहा, मंडी रोड, इमली स्टेंड, हॉस्पिटल रोड होते हुवे स्टेडियम पहुंचे. सभी को एसडीएम ने एकता की शपथ दिलाई. विधायक दांगी ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला. इस मौके पर बालक और बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागियों को शिल्ड प्रदान कर पुरस्कार प्रदान किया वही मुख्य अतिथि द्वारा विजेता प्रतिभागियों का पुष्पहारों से स्वागत कर सम्मानित किया. इस मौके पर भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता,पार्षद संदीप शर्मा,शंभू मेवाड, टीआई उमाशंकर मुकाती, सीईओ गोविंद सोलंकी, बबलू सोनी, अजय साहू सहित नप, शिक्षा,महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी सहित प्रतिभागी मौजूद थे. एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर ने सभी का आभार व्यक्त किया. बालिका वर्ग में प्रथम भूमिका राव, द्वितीय कांति भील, तृतीय सक्रिया भिलाला, बालक वर्ग में प्रथम राहुल पवार, द्वितीय ज्ञानसिंह गुर्जर, तृतीय लखन सिंह सोधिया को सम्मानित किया.

### रन फॉर यूनिटी : स्कूली बच्चों ने लगाई 1 किलोमीटर दौड़

**छापीहेड़ा 31 अक्टूबर, सं.** सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार सुबह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया. दौड़ में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों नगर परिषद कर्मचारी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने भाग लिया. सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे नगर में स्वयंसेवी संस्थाओं, राजनीतिक दलों और सरकारी विभागों द्वारा रन फॉर यूनिट का आयोजन कर एकता का संदेश दिया जा रहा है. इस अवसर पर थाना प्रभारी संगीता शर्मा, भाजपा नेता बालचंद दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया सहित पुलिसकर्मी नगर परिषद कर्मचारी स्कूली छात्राएं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता दिवस व साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई

**राजगढ़ 31 अक्टूबर, का.** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, सांसद रोड़मल नागर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने सहित उनके जीवन के राष्ट्र हित में किए गए कार्यों को उपस्थित जन को बताया. इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस व साइबर सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई. रन फॉर यूनिटी का प्रारंभ स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ होकर मंगल भवन में समापन किया गया. इस दौरान विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उपस्थित रहें.



### मैराथन से पहुंचाया अखण्डता का संदेश



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 31 अक्टूबर, सं.** भारत की एकता और अखंडता के सूत्रधार आधुनिक भारत के शिल्पकार महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ आयोजित हुई. देश की एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ नगर के इंदर चौराहा से प्रारंभ हुई जो आवास कॉलोनी हटीले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ. इस दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्कूली बच्चे शामिल हुए. सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, तहसीलदार आर पी सिंह गौड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ करवाई. दौड़ में महर्षि पब्लिक स्कूल का छात्र प्रथम शिवराज सिंह सोनगरा, द्वितीय कन्हैयालाल दांगी, तृतीय अंकित दांगी तीनों छात्रों को शील्ड, प्रमाण-पत्र, लीड पेन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलवाई गई. इस अवसर ईश्वर सिंह तोमर, संजय भावसार कमल झावा, देवकीनंदन जमींदार, जनप्रतिनिधि, परिषद सदस्य, पटवारी जगदीश सिंह चौहान, खेल शिक्षक महेंद्रसिंह सोनगिरा, नगर परिषद कर्मचारी देवनारायण दांगी, ओंकार सिंह मंडलोई, कमल भावसार, आजाद झावा, राजेश झावा, रामप्रसाद झावा, भगवान परिहार, नीरज मालवीय, अजय दांगी, राजेंद्र सिंह भाटी सहित नपा कर्मचारी उपस्थित रहे.

### पाटीदार समाज ने सरदार पटेल जयंती मनाई

**सारंगपुर 31 अक्टूबर, सं.** भाजपा नगर मंडल द्वारा आकोदिया के पास लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जन्म जयंती मनाई. इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री किशोर सिंह पाटीदार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधी निलेश वर्मा, मंडल महामंत्री कमल राठौर मांगीलाल पाटीदार मानसिंह पाटीदार विनोद लववंशी हुकुम अहिरवार,संतोष कुम्भकार मोहन लववंशी,सत्यनारायण पुष्पद मांगीलाल पुष्पद अंकित अवस्थित संतोष धनगर श्याम सोलंकी पार्षद कुलदीप राठौर, विक्रम अहिरवार ओम धनगर दीपक विश्वकर्मा नवीन श्रीवास्तव नरेंद्र दरबार मांगीलाल टेलर कपिल धनगर मौजूद रहे.

### मानव श्रृंखला बनाकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़ 31 अक्टूबर, का.** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन से हुई, जो प्रातः 8.00 बजे स्टेडियम से प्रारंभ होकर राजगढ़ बाजार और मंगल भवन तक संपन्न हुई. इस मैराथन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. महाविद्यालय में आयोजित शपथ समारोह का संपूर्ण आयोजन संस्था प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ. इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मंगलेश सोलंकी द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में प्रकाश अहिरवार, डॉ. अखिलेश कुमार राय, डॉ. रजनी खरे, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. आभा आनंद, संतोष खरे सहित अनेक प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे. उक्त संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा द्वारा किया गया.

## 4 नवंबर को खाटूधाम पहुंचेगी श्याम अरदास यात्रा



नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 31 अक्टूबर, सं.** श्री श्याम अरदास रथ यात्रा समिति रायपुर (छत्तीसगढ़) के तत्वाधान में द्वितीय डाक ध्वज एवं रथ यात्रा गुरुवार दोपहर पंचमुखी हनुमान, महादेव मंदिर पहुंची. भक्तों के द्वारा भव्य तैयारी के साथ रथ यात्रा का स्वागत किया गया. तहसील चौराहा अस्पताल रोड बस स्टैंड भोजपुर नाके होती हुई रथ यात्रा आगे बढ़ी जहां पर खाटू श्याम बाबा के भक्तों के द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. यात्रा रायपुर छत्तीसगढ़ से 13 सौ किमी की यात्रा खाटू धाम में 4 नवंबर को अर्पित होगी, इसमें 24 घंटे निरंतर श्री श्याम अरदास यात्रा चल रही हैं. इस अवसर पर नगर के श्याम भक्त महिला पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए. भक्तों ने बाबा के चरणों में नारियल अगरबत्ती पुष्प चढ़कर अपनी अर्जी लगाई.

## तुलसी शालिगराम विवाह : गौधूली बेला में निकलेगी बारात

**नवभारत न्यूज, पडाना 31 अक्टूबर, सं.** ग्राम पटाडिया डाबी में ग्रामीण जन सहयोग द्वारा आगामी 2 तारीख रविवार को श्री शालगराम जी एवं तुलसी विवाह का धार्मिक महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा. कार्यक्रम को लेकर विवाह पत्रिका छपाई जिसमें मिति कार्तिक सूदी मंगलवार गणेश पूजन,माता पूजन, हल्दी हल्दी रस्म, कार्तिक सुदी शनिवार मंडप छाया, कार्तिक सुदी 2 तारीख रविवार गोधूलि बेला पश्चात शुभ लग्न मे बारात प्रस्थान होगी एवं,प्रति भोज सामूहिक भंडारा, इत्यादि का आयोजन का का कार्यक्रम श्री राम मंदिर परिसर में होगा इत्यादि का उल्लेख किया गया. गुरुवार तुलसी माता वधू पक्ष नंदकिशोर वैष्णव की ओर से हल्दी रस्म व संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस मौके पर रेणुका कारपेंटर, रेखा बैरागी,राजनंदिनी राजपूत, महिमा राजपूत,निकिता राजपूत, पूजा राजपूत,महिमा,आरती, चंदाबाई,धापुबाई,मानकुंवर,चतर बाई राजपूत,पवित्रा कारपेंटर, पुष्पा, पूनम,आयुषी प्रकाशबाई प्रेमकुवंर,सहित गांव पटेल दीप सिंह ठाकुर,पंडित कुल पुरोहित दुर्गा प्रसाद,किशन दास,अंबाराम बैरागी, रघुनंदन बैरागी, इत्यादि उपस्थित रहे.

## दम तोड़ रहीं प्रधानमंत्री योजना की सड़कें

नवभारत न्यूज

**पडाना 31 अक्टूबर, सं. सारंगपुर विकासखंड के अंतर्गत आमजन के लिए बनी प्रधानमंत्री सड़क जिम्मेदारो के अनदेखी के कारण जगह-जगह गड्ढे बने हुए जिससे वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है. दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है. ऐसी हालत पडाना से रामपुरिया खेड़ा दूरी 2 ढाई किलोमीटर प्रधानमंत्री सड़क पैच वर्क मरम्मत के अभाव में जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो रही है.**

प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन व स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अन्य वहान चालकों का आना-जाना लगा रहता है! सबसे अधिक परेशानी रात्रि के समय आती है जब ग्रामीण अपना दिनचर्या का कार्य कर शाम को घर लौटते हैं तब जर्जर बने इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है! जिस कारण अनबैलेंस होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं.

ग्रामीण कैलाश नारायण जाट भैरू सिंह बद्री मामा, अनोखी लाल जाट, पवन जाट, जीतू चौधरी, विक्रम, सरपंच प्रतिनिधि महेश जाट, जनपद सदस्य मोहन रामपुरिया, दामोदर प्रसाद, सुभाष, रमेश चंद्र इत्यादि ने बताया कि जब से प्रधानमंत्री सड़क बनी तब से अभी तक सड़क पर जिम्मेदारों ने आकर नहीं देखा किसी भी प्रकार का कोई मरम्मत वह पैंचवर्क कार्य नहीं किया गया. जिससे सड़क जगह-जगह उखड़ने लगी है आम जनों को परेशानियों को देखते हुए जिम्मेदारों को अपनी जवाबदेही समझनी चाहिए और सड़क मरम्मत के लिए कदम मांग की ताकि आमजन को राहत मिल सके. ऐसी हालत काकरिया रोड की भी बनी हुई है उक्त प्रधानमंत्री सड़क सारंगपुर मुख्यालय जाने के लिए नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए शुगम सरल रास्ता है.

इस रास्ते से भी प्रतिदिन की संख्या में वाहनों का आना-जाना लगा रहता है. वही पडाना मगराना के मध्य बनी पुलिया के ऊपर डामरीकरण परत अत्यधिक बारिश होने के कारण उखड़ गई जिसे जिम्मेदार द्वारा अभी तक सही नहीं किया गया यहां पर भी अनबैलेंस होकर कई वाहन चालक गिर रहे हैं.

**श्रद्धांजलि** ▶ **कांग्रेस कमेटी ने इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई, सरदार पटेल को नमन किया**

## आयरन लेडी इंदिरा गांधी और लौह पुरुष सरदार पटेल को याद किया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 अक्टूबर, का.** ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मनाई गई. स्थानीय गणेश मांगलिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया. वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णुदेव शास्त्री, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया द्वारा भी संबोधित किया गया. उन्होंने अपने वक्तव्य में आज की सरकारी अव्यवस्थाओं पर प्रकाश डालकर उसको इतिहास के साथ संदर्भित किया ओर कहा जैसे पहले अग्रेजों ने दमन किया आज बीजेपी की सरकार उसी तरह किसानों ओर आम जन का दमन कर रही है. पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने स्व. इंदिरा जी के समय देश हित में लिए गए उनके फैसलों को विस्तार पूर्वक बताया और बताया किस प्रकार उन्होंने बिना अमेरिका से डरे पाकिस्तान के दो टुकड़े करके नया देश बांग्लादेश बना दिया. इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव ने अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे ने किया. कार्यक्रम में विष्णु देव शास्त्री मंडलम अध्यक्ष यूनुस मोहम्मद, समीर खान, फिरोज लाल संजय बंसल फूल सिंह जाटव जावेद खान इमरान खान फूल सिंह वर्मा साजिद भाई पार्षद गिरिराज शाक्यवार कैलाश कुशवाहा जगदीश जाटव हेमराज जाटव रामबाबू नीरज शर्मा सहित अनेको कांग्रेस जन मौजूद रहे.

### इंदिरा गांधी और सरदार पटेल की प्रतिमाओं पर पुष्प चढ़ाए



**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 31 अक्टूबर, सं.** ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मनाई गई. आकोदिया नाका के पास लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और इंदौर नाके के पास पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. कार्यक्रम के पश्चात कृषि उपज मंडी में किसानों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया गया, जिसमें वर्तमान कृषि परिस्थितियों, किसानों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संकल्प लिया कि वह किसानों और आम जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाती रहेगी. इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र सिंह सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष एड. अब्दीद हुसैन लोदी सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित थे.

## सरदार पटेल चौराहे का होगा सौंदर्यीकरण, पौधारोपण



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 31 अक्टूबर, सं.** सरदार पटेल चौराहा में भव्य सरदार पटले जयंति पर आयोजन रखा गया. पाटीदार समाज के वरिष्ठ रमेश चंद्र नेताजी द्वारा तिलक लगाकर पूजन किया गया. जिला प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार, एवं सारंगपुर नपा उपाध्यक्ष श्रीमति भावना निलेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, पार्षद कुलदीप राठौर, महामंत्री कमल राठौर, पाटीदार समाज संगठन महामंत्री अरुण कुमार पाटीदार, तहसील अध्यक्ष महेश कुमार पाटीदार, नगर अध्यक्ष सुरेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष मांगीलाल, पूर्व जिला अध्यक्ष मानसिंह नायक, ईश्वर सिंह गोवा, लक्ष्मीनारायण पाटीदार द्वारा माल्यार्पण किया गया. इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा द्वारा सरदार पटेल चौराहा स्टैचू के आसपास सौंदर्य करण करने की मंजूरी प्रदान की है.